प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## 'श्री अन्न महोत्सव 2023' में पंतनगर विश्वविद्यालय की सहभागिता

इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के अंतर्गत देहरादून में आयोजित चार–दिवसीय उत्तराखंड 'श्री अन्न' (मिलेटस) महोत्सव–2023 कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–कृषि में महिलाएं द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न मोटे अनाजों (मिलेट) के महत्व को दर्शाया गया। स्टॉल में परियोजना के अंर्तगत विकसित किए गए खाद्य उत्पादों जैसे मंडुवा लड्डू, झंगोरा केक, मंडुआ फाना, झंगोरा पुलाव, झंगोरा इडली आदि की विधियाँ बता कर इनके संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त आगंतुकों को मोटे अनाजों के फायदे भी बताए गए। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय कृषि मंत्री, उत्तराखण्ड श्री गणेश जोशी, माननीय कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश श्री सूर्यप्रताप शाही उपस्थित रहे। स्टॉल के माध्यम से बताया गया कि सभी मोटे अनाज प्रोटीन, फाइबर, विटामिन, कैल्शियम, आयरन, मैंग्नीज, मैग्निशियम, फासफोरस, जिंक जैसे बहुत से पोषक तत्वों से भरपूर है। इनके प्रयोग से हमारी सेहत को बहुत फायदा होता है। इन्हें खाने वाले लोगों में मोटापा, हृदय रोग, पाचन की समस्या कम होती है। इसके साथ ही यह एनीमिया, मधुमेह से भी लड़ने में सहायक होते हैं। मोटे अनाजों का सेवन करने से शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा कर हड्डियों को मजबूत बनाते है।




*श्री अन्न महोत्सव 2023 में महिलाओं द्वारा स्टाल लगाकर विभिन्न मोटे अनाजों की जानकारी देते।*